**Hindustan Hindi (09.06.2016)**

# वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में पीजी में तीन नए कोर्स

**निर्णय**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इसी सत्र से तीन नए कोर्स शुरू किए गए हैं। इस इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी से अब पत्रकारिता एवं जनसंचार, रसायन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान में भी स्नातकोत्तर किया जा सकेगा। यूनिवर्सिटी ने इसी नए सत्र से पत्रकारिता एवं जनसंचार में एमए पाठ्यक्रम शुरू किया है।

यह पहली बार है कि इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी में स्नातकोत्तर(आर्ट्) के पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। जबकि एमसीसी के दो कोर्स बीते वर्ष शुरू किए गए थे। नए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम को जनसंचार एवं अनुसंधान केंद्र जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर एफबी खान ने डिजाइन किया है। इसमें 30 सीट तय की गई हैं।

वाईएमसीए प्रबंधन ने नए पाठ्यक्रम को शुरू करने का निर्णय पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम में तकनीकि एवं पेशेवर पहलुओं और रोजगार के अवसरों को ध्यान में रखते हुए लिया है। पत्रकारिता एवं जनसंचार में दक्ष कार्यबल की आवश्यकता मीडिया एवं कम्यूनिकेशन के क्षेत्र में लगातार बढ़ ही है।

समाचार पत्र एवं न्यूज चेनल्स में संपादक, संवाददाता, एंकर, प्रोड्यूसर, स्क्रीन राइटर, कंटेंट राइटर, साउंड रिकॉर्डर व साउंड मिक्सर, वीडियो जोकी, रेडिया जोकी, फोटोग्राफर, इवेंट मैनेजमेंट के रूप में रोजगार के बेहतर अवसर है। जबकि एमएससी रसायन विभान और पर्यावरण विज्ञान यूनिवर्सिटी की जरूरत के रूप में शुरू किए गए हैं।




फरीदाबाद में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी का कैम्पस। ● हिन्दुस्तान (फाइल फोटो)

**जामिया ने डिजाइन किया कोर्स**

● पत्रकारिता एवं जनसंचार, रसायन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान नए कोर्स ● यूनिवर्सिटी ने स्नातकोत्तर में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाई ● इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी में पहली बार एमए के पाठ्यक्रम की हुई शुरूआत ● जामिया के प्रोफेसर एफबी खान ने डिजाइन किया पत्रकारिता का कोर्स

## एमएससी में दाखिले के लिए आवेदन तिथि बढ़ाई

वाईएमसीए में एमएससी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर एक जुलाई कर दी है। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इसी प्रकार दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा अब 9 व 10 जुलाई को होगी। यह परीक्षा पहले 11 व 12 जून को होनी थी। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में ऑनलाइन आवेदन का विकल्प भी छात्रों को दिया गया है। चार विषय रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी विज्ञान और गणित में एमएससी पाठ्यक्रम में दाखिले लिए जा रहे हैं। जिसमें से दो विषयों रसायन विज्ञान व पर्यावरण विज्ञान में एमएससी शैक्षणिक सत्र 2016 में शुरू की जा रही है। जबकि भौतिकी विज्ञान तथा गणित में एमएससी पहले से चल रही है।

### आवेदन 4 जुलाई तक

एमटेक में दाखिले के लिए आवेदन 4 जुलाई तक किए जा सकते हैं। विवि के चार विभाग मेकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में एमटेक के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के विभिन्न आठ विषयों में 18-18 सीट हैं।

### प्रवेश परीक्षा से दाखिला होगा

कुल सचिव डॉ संजय कुमार ने बताया कि एमएससी में दाखिले के लिए www.ymcaust.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन व फीस का भुगतान किया जा सकता है। दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। जिसका परिणाम 13 जुलाई को घोषित कर दिया जायेगा।

**Dainik Bhaksar (09.06.2016)**

# मिशन एडमिशनः वाईएमसीए में एमएससी दाखिले के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

## एमएससी पाठ्यक्रमों के लिए अब ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं छात्र

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

वाईएमसीए साइंस व टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी द्वारा एमएससी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 1 जुलाई कर दी गई है। छात्र दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा 9 व 10 जुलाई को होगी। परिणाम 13 जुलाई को घोषित किया जाएगा। पहले यह तिथि 11 व 12 जून को निर्धारित थी।

### चार विषयों में छात्र ले सकते हैं एडमिशन

वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2016 से छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन का विकल्प शुरू किया गया है। केमेस्ट्री, इनवायरमेंट, फिजिक्स व मैथ आदि में छात्र एडमिशन ले सकते हैं। पहली बार जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में एमए का पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कुलसचिव डा. संजय कुमार के अनुसार एमएससी पाठ्यक्रमों के लिए छात्र दाखिले के लिए यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.ymcaust.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन व भुगतान कर सकते है। दाखिले के लिए आवेदन करने वाले सभी पात्र अभ्यर्थियों को यूनिवर्सिटी द्वारा ली जाने वाली प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।



फरीदाबाद. एनएच तीन स्थित डीएवी कालेज में ऑनलाइन फार्म भरते छात्र एवं छात्राएं।

### ऑफलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

मानविकी व विज्ञान संकाय के डीन डा. राज कुमार के अनुसार दो वर्षीय एमएससी फिजिक्स, मैथ, केमेस्ट्री में सीटों की संख्या 45-45 रखी गई है। एमएससी (इनवायरमेंट) व एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के लिए सीटों की संख्या 30-30 है। छात्र ऑफलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन प्रपत्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपए (एससी/एसटी श्रेणी के लिए 500 रुपए) के डिमांड ड्राफ्ट जो यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में देय होगा। जरूरी दस्तावेजों के साथ 1 जुलाई को सायं 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।

### एम. टेक में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित

शैक्षणिक सत्र 2016-17 के लिए एम. टेक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अंतिम तिथि 4 जुलाई है। यूनिवर्सिटी द्वारा इंजीनियरिंग के चार विभाग मैकेनिकल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग द्वारा एम. टेक पाठ्यक्रम में विभिन्न आठ विषयों में दो-दो वर्षीय कोर्स कराए जाते हैं। प्रत्येक विषय में सीटों की संख्या 18-18 है।

आवेदन प्रपत्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपए (एससी/एसटी श्रेणी के लिए 500 रुपए) के डिमांड ड्राफ्ट जो कुलसचिव के पक्ष में देय होगा। इसके साथ जरूरी दस्तावेजों के साथ 4 जुलाई को सायं 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।



फरीदाबाद. के एल मेहता वूमन कालेज में फार्म लेने जाती छात्राएं।

### जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन की शुरूआत

आगामी सत्र से जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन एमए पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह पहली बार है जब यूनिवर्सिटी द्वारा एमए में कोई पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। पाठ्यक्रम को जनसंचार एवं अनुसंधान केन्द्र, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी, दिल्ली के प्रो. एफबी खान ने डिजाइन किया है।

**Dainik Jagran (09.06.2016)**

# वाइएमसीए ने एमएससी की आवेदन तिथि बढ़ाई

## पहले आवेदन की अंतिम तिथि 3 जून थी

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एमएससी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 1 जुलाई, 2016 कर दिया है। साथ ही दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा भी प्रदान की है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 3 जून थी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2016 से विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन का विकल्प शुरू किया गया है। वाइएमसीए विश्वविद्यालय ने रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिकी विज्ञान तथा गणित में चार पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन मंगाए हैं। दो विषयों रसायन विज्ञान व पर्यावरण विज्ञान में एमएससी शैक्षणिक सत्र 2016 में शुरू की जा रही है, जबकि भौतिकी विज्ञान तथा गणित में एमएससी पहले से चल रही है। इसके अलावा, पहली बार पत्रकारिता एवं जनसंचार के रूप में एमए का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार ने बताया कि एमएससी पाठ्यक्रमों के लिए इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ymcaust.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन तथा भुगतान कर सकते है। दाखिले के लिए आवेदन करने वाले सभी पात्र अभ्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा ली जाने वाली प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। प्रवेश परीक्षा 9 व 10 जुलाई, 2016 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। परिणाम 13 जुलाई, 2016 को घोषित कर दिया जाएगा। मानविकी एवं विज्ञान संकाय के डीन डॉ. राज कुमार ने बताया कि दो वर्षीय एमएससी (भौतिक शास्त्र), एमएससी (गणित) व एमएससी (रसायन विज्ञान) पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या 45-45 रखी गई है, जबकि एमएससी (पर्यावरण विज्ञान) तथा एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के लिए सीटों की संख्या 30-30 रहेगी। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपये (एससी/एसटी श्रेणी के लिए 500 रुपये) के डिमांड ड्राफ्ट जो विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पक्ष में देय होगा तथा जरूरी दस्तावेजों के साथ 1 जुलाई, 2016 को शाम 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। इस संबंध में वस्तृत विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

- ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं विद्यार्थी


### वाइएमसीए में एमटेक के लिए आवेदन

**जासं, फरीदाबाद :** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्युटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग मे दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 4 जुलाई है। विश्वविद्यालय ने प्रत्येक विषय मे सीटों की संख्या 18 है। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपये (एससी/एसटी श्रेणी के लिए 500 रुपये) के डिमांड ड्राफ्ट जोकि विश्वविद्यालय के कुल सचिव के पक्ष में देय होगा तथा जरूरी दस्तावेजों के साथ 4 जुलाई को शाम 4 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।

# अग्रवाल कॉलेज में 700 फार्म हुए जमा



केएल मेहता महिला कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन नहीं की गई है। फार्म खरीदने की खिड़की पर खासी भीड़ दिखाई दी। जागरण



फॉर्म पर बारीक नजर : दाखिला फॉर्म का बारीकी से अध्ययन करती नजर आईं छात्राएं। जागरण

**जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़ :** कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया में तेजी आने लगी है। अग्रवाल कॉलेज के तीनों संकाय में अब तक विभिन्न कोर्सों के लिए 700 फार्म भरे जा चुके है।

ऑनलाइन फार्म भरने में छात्रों के सहयोग के लिए कमेटी का भी गठन किया हुआ है। ऑनलाइन फार्म भरे जाने के कारण कॉलेज में छात्रों की भीड़ कम देखने को मिल रही है। इसके लिए छात्र अपने घर व साइबर कैफे से फार्म भर रहे है। कॉलेज में खिड़की पर फार्म जमा करने




वाले छात्र दिखाई देते है। कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया के तहत अब तक 700 फार्म भरे जा चुके है। प्रधानाचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया में तेजी आ रही है।

हर रोज फार्म भरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार से कॉलेज में तीन कोर्स एमएससी रासायनिक शास्त्र, एमए अंग्रेजी, एमए गणित ऑनर्स शुरू किए गए हैं। इन कोर्सों के आने से भी इस बार फार्म भरने वालों की संख्या बढ़ेगी।

एमएससी रासायनिक शास्त्र में 60 सीट, एमए अंग्रेजी में 60 व एमए गणित ऑनर्स में भी 60 सीट हैं।